रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 316] नई दिल्ली, सोमवार, फरवरी 6, 2017/माघ 17, 1938
No. 316] NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 6, 2017/MAGHA 17, 1938

## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2017

**का.आ. 350(अ).**—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2384 (अ) तारीख 31 अगस्त, 2015, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुक्षाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, उक्त राजपत्र, जिसमें उक्त अधिसूचना अंतर्विष्ट है, की प्रतियां जनता को 21 सितम्बर, 2015 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुक्षावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक रुप से विचार किया गया;

और, बीर मेहास वन्यजीव अभयारण्य पंजाब राज्य के नाभा-मलेरकोटला रोड पर अवस्थित है जिसका क्षेत्रफल 123.43 हेक्टेयर है जो स्थलाकृति के संबंध में समान रूप से समतल है। पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र अक्षांश और देशान्तर सहित **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है;

और, चैंपियन और सेठ के वन वर्गीकरण के अनुसार, इस संरक्षित क्षेत्र में वन हैं, जो उत्तरी शुष्क मिश्रित पतझड़ी वन प्रकार के उप समूह 5(6) के अधीन आते हैं, और मुख्य पेड़ प्रजातियां जैसे यूकेलिप्टस, मलवरी, शीशम, कीकर, खैर, ढाक, बेरी, जांड, सिम्बल, जामुन, नीम, टूट, अर्जुन, करीर, काही, नारा, अम्ब, खजूर, करोंड़ा और बांस हैं;

और, यह क्षेत्र विभिन्न प्रकार के पशुओं और पक्षियों के संरक्षण के लिए जाना जाता है जैसे साही, बनैला सूअर, बलू बुल, सियार, जंगली बिल्ली, रिहसस बंदर, पी फाउल, काला और धूसर तीतर, पैराकीट और फाखता हैं;

और, बीर मेहास वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजाब राज्य में बीर मेहास वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 100 मीटर तक के विस्तार तक के क्षेत्र को बीर मेहास वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं--**(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार सीमा के चारों ओर 0 से 100 मीटर तक परिवर्तनशील विस्तार के साथ 48.0 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और पारिस्थितिक संवेदी जोन पूर्व की ओर 30°22'3.498" उ. अक्षांश और 76°10'34.831" पू. देशांतर (मानचित्र का संदर्भ बिन्दु सं. ख); पश्चिम की ओर 30°22'0.945"उ अक्षांश तथा 76º9'38.125"पू. देशांतर (मानचित्र का संदर्भ बिन्दु सं. ङ); उत्तर की ओर 30º22'22.728"उ अक्षांश और 76º10'1.539"पू देशांतर (मानचित्र का संदर्भ बिन्दु सं. क)और दक्षिण की ओर 30º21'25.33"उ अक्षांश और 76º10'4.826" पू देशांतर(मानचित्र का संदर्भ बिन्दु सं.घ) से घिरा हुआ है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नाभा शहर नाम से केवल एक ही ग्राम है।

(3) बीर मेहास वन्यजीव अभयारण्य के निर्देशांक **उपाबंध II** के रूप में उपाबद्ध है|

**2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –** (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आचंलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिका ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ;

(viii) पंजाब राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई; और

(x) लोक निर्माण विभाग।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

| | | |
|---|---|---|
| 23. | वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 24. | सुरक्षा बलों के कैंप । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 25. | नए काष्ठ आधारित उद्योग। | पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी :<br>परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में 100% आयातित काष्ठ स्टाक उपभोग करने वाले नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना की जा सकेगी । |
| 26. | पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के लिए, पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटीर, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 27. | पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा अभयारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| | **संवर्धित क्रियाकलाप** | |
| 28. | स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन । | लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे । |
| 29. | वर्षा जल संचयन । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 30. | जैविक खेती । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 31. | सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 32. | नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग । | लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे । |
| 33. | वानस्पतिक घेराबन्दी। | लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे । |
| 34. | कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं। | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 35. | पर्यावरणीय जागरुकता । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 36. | कौशल विकास । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |

5. **पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति-** (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्

(क) मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), पंजाब सरकार - अध्यक्ष;

